53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 25.5°c अधिकतम 36.0 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:30, सूर्यास्त - 7:00 | वर्ष : 53/ अंक : 127 | शुक्रवार, 09 मई 2025 | वैशाख, शुक्ल पक्ष, द्वादशी | सम्वत् 2082 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**
कष्ट और क्षति सहने के बाद मनुष्य अधिक विनम्र और ज्ञानी हो जाता है।


**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**
भारत में पाकिस्तानी सामग्री, वेब सीरीज, फिल्म, गाने, पॉडकास्ट के प्रसारण पर तुरंत प्रभाव से रोक : नयी दिल्ली

तुर्की के सीरियल भी यहां की भाषा में डब करके खूब चलते हैं......

# भारत ने ध्वस्त किए पाक के तीन फाइटर जेट , लाहौर, सियालकोट, करांची, इस्लामाबाद में बरसाई मिसाइलें



**नई दिल्ली, 08 मई (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर, पंजाब और राजस्थान में पाकिस्तान के हवाई हमले के बाद अब भारत ने भी जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी है। भारत ने लाहौरऔर सियालकोट में हवाई हमला किया है। ताजा जानकारी के अनुसार, भारत ने लाहौर में हवाई हमले तेज कर दिए हैं। पाकिस्तान के पंजाब का एयर डिफेंस सिस्टम तबाह कर दिया गया है। वहीं, सियालकोट और फैसलाबाद का भी डिफेंस सिस्टम को नष्ट कर दिया गया है। पाकिस्तान के सरगोधा का भी डिफेंस सिस्टम तबाह कर दिया गया है। इससे पहले पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर, पंजाब और राजस्थान के कई इलाकों में मिसाइलें और ड्रोन से हमला किया। भारत ने पाकिस्तान के हवाई हमले को नाकाम बना दिया। जानकारी के अनुसर, जम्मू-कश्मीर के सतवारी, सांबा, आरएस पुरा और अरनिया पर आठ मिसाइलें दागीं और सभी को वायु रक्षा इकाइयों ने रोककर निष्क्रिय कर दिया। उधमपुर में भारतीय वायु रक्षा द्वारा पाकिस्तानी ड्रोन को रोकने पर विस्फोटों की आवाज सुनी गई। इससे पहले बुधवार-गुरुवार को पाकिस्तान ने भारत के कई शहरों को निशाना बनाने की कोशिश की थी, जिसको सेना ने नाकाम कर दिया था। भारत ने पाकिस्तान के राडार और एयर डिफेंस सिस्टम को नष्ट कर दिया था। जैसलमेर में भारतीय वायु रक्षा द्वारा पाकिस्तानी ड्रोन को रोका गया। विस्फोटों की आवाज सुनी गई और आसमान में चमक दिखाई दी। राजस्थान के बीकानेर और पंजाब के जालंधर में पूरी तरह से ब्लैकआउट कर दिया गया। किश्तवाड़, अखनूर, सांबा, जम्मू और अमृतसर, जालंधर में भी ब्लैकआउट लागू किया गया है। बता दें कि भारत ने पहलगाम आतंकी हमले का जवाब ऑपरेशन सिंदूर के जरिए दिया था, जिसमें पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ढांचे को सटीक हमलों के जरिए निशाना बनाया गया था। भारत ने यह भी कहा कि सैन्य प्रतिष्ठानों पर किसी भी हमले का उचित जवाब दिया जाएगा। गुरुवार को मीडिया ब्रीफिंग में विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने कहा कि पाकिस्तान द्वारा की गई कार्रवाई का उचित तरीके से जवाब दिया जाएगा और उसका उचित तरीके से जवाब दिया जा रहा है।



## भारत ने जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान का हमला विफल किया, आठ पाकिस्तानी मिसाइल की नष्ट

**श्रीनगर 08 मई (वार्ता)** भारतीय वायु रक्षा प्रणाली ने पाकिस्तान की ओर से गुरुवार देर शाम जम्मू-कश्मीर में किए गए हमले को विफल करते हुए पाकिस्तान की आठ मिसाइलों को नष्ट कर दिया। रक्षा सूत्रों ने यूनीवार्ता को बताया कि पाकिस्तान की ओर से सतवाड़ी, सांबा, आर एस पुरा और अरनिया में मिसाइलों से हमला किया गया। भारतीय वायु रक्षा प्रणालियों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए इन सभी मिसाइल को ध्वस्त कर दिया। कुल मिलाकर आठ मिसाइलों को ध्वस्त किया गया है। सूत्रों का कहना है कि पाकिस्तानी सेना आतंकवादी संगठनों की तरह कार्रवाई करते हुए नागरिक ठिकानों को निशाना बना रही है। इससे पहले जम्मू-कश्मीर के विभिन्न क्षेत्रों में बड़े धमाके सुने गये और समूचे इलाके में ब्लैकआउट कर दिया गया। नियंत्रण रेखा पर भी पाकिस्तान की ओर से भारी फायरिंग की जा रही है, जिसे भारतीय सेना करारा जवाब दे रही है। पाकिस्तानी सेना ने बुधवार की रात भी भारत में कम से कम 15 जगह पर हमला करने की कोशिश की थी, लेकिन भारत की वायु रक्षा प्रणाली ने इन हमलों को विफल कर दिया था। भारतीय सेनाओं ने इसकी जवाबी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान में ताबड़तोड़ हमले कर लाहौर में पाकिस्तान की वायु रक्षा प्रणाली को ध्वस्त कर दिया था।

## पाकिस्तानी पीएम शाहबाज शरीफ के घर से 20 किलोमीटर की दूरी पर बड़ा धमाका



**नई दिल्ली, 08 मई (एजेंसी)।** भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ चुका है। पाकिस्तान द्वारा किए जा रहे ड्रोन और मिसाइल हमलों का भारतीय सेना मुंहतोड़ जवाब दे रही है। ताजा जानकारी के अनुसार पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के घर से 20 किलोमीटर दूर धमाके की खबर सामने आई है। भारत ने इससे पहले जवाबी एक्शन में भारत ने पाकिस्तान के एयर डिफेंस सिस्टम से लेकर कई मिसाइलों को ध्वस्त कर दिया है। पाकिस्तान के हाईटेक फाइटर जेट एफ16 और जेएफ 17 को भारतीय सेना ने मार गिराया है। जम्मू-कश्मीर, पंजाब और राजस्थान में पाकिस्तान के कायराना हमले के बाद भारत ने माकूल जवाब दिया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तीनों सेना प्रमुखों के साथ बैठक की। बैठक के बाद रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि भारत अपनी रक्षा के लिए पूरी तरह से तैयार है। जम्मू, पठानकोट और उधमपुर स्थित सैन्य ठिकानों को पाकिस्तानी ड्रोन और मिसाइलों द्वारा निशाना बनाने की कोशिश की गई। ये हमले जम्मू-कश्मीर में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास किए गए। हालांकि, भारत ने पाकिस्तान के ड्रोन हमले को नाकाम कर दिया है।

## पाकिस्तान के पेशावर में बड़ा धमाका, आईएनएस विक्रांत ने कराची पर किया हमला

**नई दिल्ली, 08 मई (एजेंसी)।** पहलगाम आतंकी हमले के विरुद्ध ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत की सैन्य कार्रवाई की बौखलाहट में पाकिस्तान ने गुरुवार रात जम्मू, पठानकोट और जैसलमेर में ड्रोन, मिसाइलों और युद्धक विमानों से हमला किया, जिसे भारतीय एयर डिफेंस



सिस्टम एस-400 और आकाश ने नाकाम कर दिया। यही नहीं पाकिस्तान के चीन निर्मित दो जेएफ-17, अमेरिका निर्मित एफ-16 विमानों और अवाक्स को उनकी ही सीमा में मार गिराया। ये तीनों विमान भारत पर हमला करने के मकसद से आगे बढ़ रहे थे। जैसलमेर और अखनूर में पाकिस्तान के दो पायलट भी भारत की गिरफ्त में आ गए हैं। पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर गोलाबारी तेज कर दी है। इसके बाद भारत ने पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद, लाहौर, कराची, सियालकोट, बहावलपुर जैसे महत्वपूर्ण शहरों में मिसाइलों और ड्रोन की बौछार की।

## जम्मू से भारत के फाइटर विमानों ने भरी उड़ान

**नई दिल्ली, 08 मई (एजेंसी)।** पाकिस्तान की ओर से जम्मू-कश्मीर में ड्रोन से हमला किया गया है। पाकिस्तान की ओर से किए गए इस ड्रोन अटैक के कारण जम्मू-कश्मीर में ब्लैक आउट कर दिया गया है। कुपवाड़ा में भी सायरन बजने के बाद ब्लैक आउट किए जाने की खबर सामने आई है। हालांकि भारतीय सुरक्षा बलों की ओर से सामने आई जानकारी के अनुसार पाकिस्तान के ड्रोन अटैक को नाकाम कर दिया गया है। दरअसल जम्मू में पाकिस्तान ने कई जगह पर ड्रोन से अटैक करने की कोशिश की है। कुछ स्थानीय लोगों ने पाकिस्तान के इस ड्रोन अटैक के वीडियो बनाए हैं। आसमान में लाल रोशनियां तैरती हुई दिखाई दे रही हैं। जानकारी के मुताबिक पूरी तरह से मुस्तैद भारतीय सेना के एयर डिफेंस सिस्टम ने इस हमले को नाकाम कर दिया है। जम्मू से लेकर पंजाब के अमृतसर हाई अलर्ट पर है। जम्मू में पाकिस्तान ने ड्रोन से अटैक किया है। इसको देखते हुए जम्मू और कुपवाड़ा में पूरी तरह से ब्लैक आउट है। अमृतसर में भी ब्लैक आउट है।

## पंजाबः अमृतसर और फिरोजपुर में टोटल ब्लैकआउट किया गया

**नई दिल्ली, 08 मई (एजेंसी)।** भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध जैसे हालात बन गए हैं। इस बीच पंजाब के अमृतसर जिले में पूर्ण ब्लैकआउट कर दिया गया है। होटल, मार्किट समेत सभी जगहों पर टोटल ब्लैकआउट कर दिया गया है। सभी जगहों पर लाइट बंद कर दी गई है। वहीं, फि रोजपुर शहर में भी ब्लैकआउट किया गया है। ताजा जानकारी के अनुसार, जैसलमेर और बीकानेर में पाकिस्तान ने हवाई हमला किया है। पाकिस्तान ने मिसाइल से हमला किया है। फिलहाल किसी प्रकार के नुकसान की खबर नहीं है। जैसलमेर और बीकानेर में भी टोटल ब्लैकआउट किया गया है। जैसलमेर में पाकिस्तान के हमले को नाकाम कर दिया गया है। करीब 30 से ज्यादा मिसाइलों को मार गिराया गया है।




## दिल्ली सरकार ने की सभी अधिकारियों की छुट्टियां रद

**नयी दिल्ली 08 मई (वार्ता)** भारत-पाकिस्तान के बीच हालिया तनाव को देखते हुए दिल्ली सरकार ने सभी सरकारी अधिकारियों की छुट्टियां रद कर दी है। दिल्ली सरकार के विशेष सचिव (सेवा) की ओर से गुरुवार को एक पत्र में कहा गया है कि हालिया स्थिति को देखते हुए किसी भी अधिकारी को छुट्टियां नहीं जायेंगी। पत्र में कहा गया है कि मौजूदा स्थिति और आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली की तैयारियों को देखते हुए सक्षम प्राधिकारी ने निर्देश दिया है कि अगले आदेश तक दिल्ली सरकार के किसी भी अधिकारी/ कर्मचारी को कोई छुट्टी नहीं दी जाएगी।

## राजनाथ ने प्रमुख रक्षा अध्यक्ष के साथ बैठक की

**नयी दिल्ली 08 मई (वार्ता)** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान द्वारा जम्मू-



कश्मीर में देर शाम किये गये विफल मिसाइल हमले से उत्पन्न स्थिति पर अब से कुछ देर पहले एक उच्च स्तरीय बैठक में विचार-विमर्श किया। सूत्रों के अनुसार श्री सिंह ने प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान और तीनों सेनाओं के प्रमुखों के साथ स्थिति की समीक्षा की। शीर्ष सैन्य नेतृत्व ने रक्षा मंत्री को पाकिस्तान द्वारा किये गये विफल मिसाइल हमले से उत्पन्न स्थिति की जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि भारत की वायु रक्षा प्रणाली ने पाकिस्तान के आठ मिसाइलों को ध्वस्त कर पाकिस्तान के हमले को पूरी तरह विफल कर दिया।

## जैसलमेर में गुरुवार रात सायरनों एवं धमाकों की आवाज

**जैसलमेर 08 मई (वार्ता)** राजस्थान के जैसलमेर में गुरुवार रात सायरनों एवं धमाकों की आवाज से लोग घरों में कैद हो गए। ब्लैक आउट के कारण शहर में अंधेरा हो गया। राजस्थान के जैसलमेर, बाड़मेर और श्रीगंगानगर जिलों में आज रात नौ बजे से सुबह चार बजे तक ब्लैक आउट किया गया है। जैसलमेर में सरहदी इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। जैसलमेर के आसपास गोलीबारी की भी खबरें हैं। रात दस बजे बाद जोधपुर में भी ब्लैकआउट कर देने की खबर आ रही है।



## सुरक्षा के लिहाज से दिल्ली में इंडिया गेट खाली कराया गया

नई दिल्ली, 08 मई (एजेंसी)। भारत पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के मद्देनजर दिल्ली में भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है। इसी कड़ी में इंडिया गेट को पूरी तरह से खाली कराया जा रहा है और किसी को भी स्मारक के आसपास रुकने या रहने की अनुमति नहीं है। पुलिस माइक से अनाउंस कर लोगों को वहां से जाने के लिए कह रही है। दरअसल, इंडिया गेट पर आम तौर पर 11 बजे लोगों को हटा दिया जाता है, लेकिन इंडिया गेट के आस पास लोग देर तक रहते है। आज उन सभी लोगो को यहां से हटाया जा रहा है। बता दें कि राष्ट्रीय राजधानी में गुरुवार (8 मई) को सुरक्षा बढ़ा दी गई और प्रमुख प्रतिष्ठानों पर अर्धसैनिक बलों के कर्मियों समेत अतिरिक्त बलों की तैनाती की गई। सुरक्षा व्यवस्था में यह बढ़ोतरी भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे सशस्त्र संघर्ष के बीच की गई है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक सभी पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) अपने क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था की सक्रिय रूप से निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने (सहायक पुलिस आयुक्तों) एसीपी और थाना प्रभारियों जैसे अपने अधिकारियों को पहले ही सभी जरूरी बातें बता दी हैं। डीसीपी व्यक्तिगत रूप से अपने क्षेत्र की निगरानी कर रहे हैं और दिल्ली पुलिस किसी भी तरह की स्थिति से निपटने के लिए तैयार है।

## बलूच विद्रोहियों का पाकिस्तानी सेना पर हमला, रिमोट से उड़ी गाड़ी, सात जवानों की मौत

**नई दिल्ली, 08 मई (एजेंसी)।** बलूच लिबरेशन आर्मी की स्पेशल टेक्टिकल ऑपरेशंस स्क्वैड ने पाकिस्तानी सेना के एक वाहन को निशाना बनाते हुए रिमोट से विस्फोट कर दिया। इस हमले में 7 पाकिस्तानी सैनिकों के मारे जाने का दावा किया गया है। यह घटना पिछले 24 घंटों में पाक सेना पर बलूच विद्रोहियों का दूसरा बड़ा हमला है। यह हमला उस समय हुआ जब पाकिस्तानी सेना एक मिलिट्री ऑपरेशन की तैयारी कर रही थी। इससे पहले भी बीएलए ने पाकिस्तानी सेना को निशाना बनाते हुए हमले किए थे, जिनमें कई सैनिकों की जान गई थी। हाल ही में, यह हमला केच जिले के किलाग इलाके में हुआ था, जहां पाकिस्तानी सेना की एक टीम को लक्ष्य बनाया गया था। बलूचिस्तान के हालात पर पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री शाहिद खाकान अब्बासी ने कहा कि बलूचिस्तान अब एक बेलगाम घोड़े की तरह है, जिस पर पाकिस्तान की कोई पकड़ नहीं रह गई है। उन्होंने यह भी कहा कि यह स्थिति रात के समय और भी बिगड़ जाती है।

## तिलमिलाया पाकिस्तान, अब 1000 डैम पर बुरी नजर, आर्मी की सुरक्षा में जा सकते हैं 200 बांध

**नई दिल्ली, 08 मई (एजेंसी)।** भारत द्वारा पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकानों पर की गई स्ट्राइक के बाद पड़ोसी मुल्क तिलमिला उठा है। इसके बाद पाकिस्तान ने भारत के कई शहरों पर हमला करने की नाकाम कोशिश की है। सभी हमलों का करारा जवाब दिया गया। खासतौर से मिसाइल हमलों को भारतीय सेना ने नाकाम कर दिया है। नई दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी, एनएसए एवं दूसरे अहम मंत्रालयों के साथ लगातार बैठकें कर रहे हैं। बुधवार को विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने एक प्रेसवार्ता में कहा था कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद पाकिस्तान की तरफ से आगे भी हमले हो सकते हैं। केंद्र सरकार के विश्वस्त सूत्रों का कहना है, भारत के बांधों पर पाकिस्तान की बुरी नजर है। ऐसे में जो बड़े 200 से ज्यादा डैम हैं, वहां की सुरक्षा आर्मी को सौंपी जा सकती है। केंद्र सरकार, इस बाबत जल्द ही कोई बड़ा निर्णय लेने की तैयारी में है। सूत्रों के मुताबिक, 'ऑपरेशन सिंदूर' में भारत सरकार ने साफ कर दिया है कि पाकिस्तान में जहां भी स्ट्राइक की गई है, वे सभी आतंकियों के ठिकाने हैं। आर्मी मुख्यालय/यूनिट और सिविल आबादी वाले क्षेत्रों को इस स्ट्राइक से दूर रखा गया है। पाकिस्तान ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद जम्मू कश्मीर और पंजाब के कई सीमावर्ती इलाकों में गोलीबारी की है। मिसाइलों से हमला करने का प्रयास किया गया, जिसे भारतीय सेना ने विफल कर दिया। सूत्रों का कहना है कि अब पाकिस्तान की नजर भारत के बांधों पर है। पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के साथ सिंधु जल समझौता खत्म कर दिया है। इससे पाकिस्तान में जल संकट बढ़ता जा रहा है। भारत में प्रमुख बांधों की सुरक्षा को लेकर केंद्र सरकार गंभीर है। बुधवार को केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल के निवास पर एक अहम बैठक हुई थी। इसमें बांधों की सुरक्षा पर चर्चा की गई।

## 'अस्पतालों में तैयार रखे जाएं बेड, डॉक्टरों की छुट्टी की गई रद्द', कश्मीर के सीमावर्ती इलाकों के लिए निर्देश

**नई दिल्ली, 08 मई (एजेंसी)।** भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव अपने चरम पर हैं। भारत दुश्मन देश के आतंकी ठिकानों पर बम बरसा रहा है। जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती जिलों में भी फायरिंग हो रही है। इस बीच, जम्मू-कश्मीर के सरहदी इलाकों में सभी अस्पतालों में बेड तैयार रखने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही अस्पताल में किसी भी डॉक्टर या कर्मचारियों को छुट्टी में न जाने का निर्देश दिया गया है। वहीं, दूसरी ओर जम्मू-कश्मीर के कई स्कूलों को अगले दो दिन के लिए बंद रखने का आदेश दिया गया है। स्थानीय प्रशासन की ओर से कहा गया है कि बारामुल्ला, कुपवाड़ा, सब-डिवीजन के सभी सरकारी और निजी स्कूल और श्रीनगर और अवंतीपोरा हवाई अड्डे के आसपास के स्कूलों को 9 और 10 मई 2025 को बंद रहेंगे।

## पाकिस्तान की नापाक कोशिश को एस 400 सुदर्शन चक्र ने किया बेअसर, एक ही वक्त में 300 मिसाइलों को कर सकता है बेकार

**नई दिल्ली, 08 मई (एजेंसी)।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद पाकिस्तान ने भारतीय सैन्य ठिकानों को निशाना बनाकर मिसाइल दागे, हालांकि भारत ने उन तमाम हमलों को बेअसर कर दिया गया। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर की प्रेस ब्रीफिंग के दौरान स्पष्ट तौर पर यह बताया था कि हमने पाकिस्तान के सैन्य ठिकानों को निशाना नहीं बनाया है, सिर्फ आतंकवादियों के अड्डे को तबाह किया है, बावजूद इसके पाकिस्तान ने हिमाकत की और मुंह की खाया है। जवाबी कार्रवाई करते हुए भारत ने गुरुवार सुबह पाकिस्तान में कई स्थानों पर एयर डिफेंस रडार और सिस्टम को निशाना बनाया। भारत की जवाबी कार्रवाई में लाहौर का एक एयर डिफेंस सिस्टम बर्बाद हो गया है। भारत ने पाकिस्तानी मिसाइलों के हमले को जिस तकनीक के जरिए बेअसर किया उसका नाम है-एस-400 सुदर्शन चक्र।

पाकिस्तान एक ऐसा देश है, जो अपनी हरकतों से बाज नहीं आता है। उसने पहले 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकी कार्रवाई की और 26



निर्दोष लोगों की हत्या करवाई। इस आतंकी घटना में मारे गए लोगों के परिजनों को न्याय दिलाने के लिए जब भारत ने 6-7 मई की रात को पाकिस्तान में ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया तो पाकिस्तान बौखला गया। भारत ने पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर हमला किया था, लेकिन पाकिस्तान ने 7-8 मई की रात को भारत के अवंतीपुरा, श्रीनगर, जम्मू, पठानकोट, अमृतसर, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, आदमपुर, भटिंडा, चंडीगढ़, नल, फलोदी, उत्तरलाई और भुज सहित उत्तरी और पश्चिमी भारत में कई सैन्य ठिकानों पर हमला करने की कोशिश की। पाकिस्तान ने ड्रोन और मिसाइल के जरिए हमले की कोशिश की, जिसे भारत ने एस-400 सुदर्शन चक्र के जरिए बेअसर कर दिया। भारतीय वायुसेना ने एयर डिफेंस सिस्टम एस-400 का नाम सुदर्शन चक्र इसलिए रखा है, क्योंकि ये बेहद ताकतवर हथियार है और दुश्मन को संभलने का कोई मौका तक नहीं देता है। भारत अभी भी यही कह रहा है कि हम क्षेत्र में विवाद को बढ़ाना नहीं चाहते, हम सिर्फ जवाब दे रहे हैं।

## पुलिस को चकमा देकर मूंछ के बेटे ने किया कोर्ट में सरेंडर, भेजा जेल

**मुजफ्फरनगर, 8 मई (बु.)।** गुरूवार को एकाएक कुख्यात माफिया डॉन सुशील मूंछ के बेटे मंजीत उर्फ टोनी ने गैंगस्टर एक्ट में अपनी जमानत तुड़वाकर गैंगस्टर कोर्ट में सरेंडर कर दिया, जिसके बाद गैंगस्टर कोर्ट ने उसे पुलिस अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। पुलिस पिछ्ले कुछ समय से उसकी तलाश में जुटी हुई थी। पुलिस से बचने के लिए उसे कोर्ट में सरेंडर किया है। आपको बता दें कि वर्ष 2020 में कुख्यात माफिया डॉन सुशील मूंछ के बेटे मंजीत उर्फ टोनी निवासी मधेड़ी थाना रतनपुरी के खिलाफ खतौली थाने पर गैंगस्टर एक्ट की रिपोर्ट दर्ज की गयी थी। इस मामले में वह जमानत पर चल रहा था। उसने अपनी जमानत तुड़वाने के लिए गैंगस्टर कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया था। गुरुवार को सुशील मूंछ के बेटे मंजीत ने अपने जमानतदार अमित निवासी अब्दुलानगर उर्फ सोंटा थाना मन्सूरपुर के साथ गैंगस्टर कोर्ट में पहुंचा और सरेंडर कर दिया। सुशील मूंछ के बेटे के कोर्ट में उपस्थित होने की सूचना पर पुलिस अलर्ट हो गयी। कोर्ट ने सुशील मूंछ के बेटे की जमानत निरस्त करते हुए पुलिस अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। पिछ्ले कुछ समय से पुलिस मूछ के बेटे उसकी तलाश में जुटी थी। इस बात की भनक लगते ही मंजीत ने पुलिस को चकमा दिया और एकाएक कोर्ट में सरेंडर कर दिया। कोर्ट ने उसे जमानतदार को जमानत से मुक्त कर दिया है। एडीजीसी दिनेश पुंडीर ने बताया कि मंजीत ने पुराने गैंगस्टर के मुकदमे में अपनी जमानत तुडवाई है। कोर्ट ने उसे पुलिस अभिरक्षा में जेल भेज दिया है।



फाइल फोटो

MAX Healthcare

निःशुल्क ऑर्थो-स्पाइन शिविर
मैक्स हॉस्पिटल, पटपड़गंज, (दिल्ली) के श्रेष्ठ रीढ़ की हड्डी रोग विशेषज्ञ से मुजफ्फरनगर में



ओ.पी.डी. शेड्यूल
डॉ. संयम जैन
कंसलटेंट - स्पाइन सर्जरी
मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, पटपड़गंज
शनिवार, 10 मई, 2025 । दोपहर 12:00 बजे से 2:00 बजे तक
एसकेबी आरोग्यम मल्टी-स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर

समस्याएँ: कमर दर्द, स्लिप डिस्क से किसी नस पर दबाव, पैरों में दर्द, चलने में दिक्कत या सुनपन रीढ की हड्डी का फ्रैक्चर, रीढ की हड्डी का कुबड़ होना, सवाईकल की दिक्कत, गर्दन में दर्द इत्यादि।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें: +91-82181 49646

www.maxhealthcare.in
मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, पटपड़गंज (बालाजी मेडिकल एंड डायग्नोस्टिक रिसर्च सेंटर की एक इकाई)
108 ए, इंद्रप्रस्थ एक्सटेंशन, पटपड़गंज, नई दिल्ली -110 092 फोन: + 91-11-4303 3333

